St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –13)** **Date: 14.09.2020**
Topic: अपठित गदयांश **Class -3**

एक बार मैं काशी जा रहा था , उस जगह एक तरफ भारी जलाशय और दूसरी तरफ ऊँची दीवार थी | उस स्थान पर बहुत से बन्दर थे | काशी के बन्दर बहुत दुष्ट थे | अब उनके मस्तिष्क में यह विचार पैदा हुआ कि वे मुझे उस रास्ते से न जाने दे | वे विकट चीत्कार करने लगे और झट आकर मेरे पैरों को जकड़ने लगे | उनको निकट देखकर मैं भागने लगा , किन्तु मैं जितना ज्यादा ज़ोर से दौड़ने लगा , वे उतनी ही तेज़ी से आकर मुझे काटने लगे | अंत में उनके हाथ से छुटकारा पाना असंभव प्रतीत हुआ | ठीक उसी समय एक अपरिचित मनुष्य ने आकर मुझे आवाज़ दी , ' बंदरों का सामना करो |' मैं भी जैसे उलटकर उनके सामने खड़ा हुआ , वैसे ही वे पीछे हटकर भाग गए | इस गदयांश से यह शिक्षा मिलती है कि जो कुछ भी भयानक है , उसका सामना साहसपूर्ण तरीके से करो |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

1 बन्दर कहाँ थे और कैसे थे ?

उ- बन्दर काशी में थे और वहां के बन्दर बहुत दुष्ट थे |

2 लेखक को डराने के लिए बंदरों ने क्या किया ?

उ-लेखक को डराने के लिए बन्दर विकट चीत्कार करने लगे और जल्दी से उनके पैरों को जकड़ने

लगे |

3 बंदरों के डराने पर लेखक ने क्या किया ?

उ- बंदरों को पास देखकर लेखक भागने लगे | वे जितना तेज़ भागते , बन्दर भी उतनी तेज़ी से आकर उन्हें काटने लगते |

4 बंदरों का सामना करने कि प्रेरणा लेखक को किसने दी ?

उ- एक अपरिचित मनुष्य की आवाज़ ने लेखक को बंदरों से सामना करने को कहा |

5 इस गदयांश से क्या शिक्षा मिलती है ?

उ- इस गदयांश से यह शिक्षा मिलती है कि मुसीबत का सामना साहस से करना चाहिए |

6 'चीत्कार' शब्द का अर्थ लिखो |

उ- चीत्कार - **चिल्लाना**

खाली जगह भरो :-

7 उस स्थान पर बहुत से **बन्दर** रहते थे |

8 उनके हाथ से छुटकारा पाना **असंभव** प्रतीत हुआ |

9 एक संज्ञा शब्द छांटकर लिखो :-

काशी

10 एक सर्वनाम शब्द छांटकर लिखो :-

उनको

11'उनको निकट देखकर मैं भागने लगा ' क्रिया बताओ |

क्रिया - **भागने लगा**

12 बन्दर का स्त्रीलिंग बताओ :-

बन्दर - **बंदरिया**

13 मैं का बहुवचन क्या है ?

मैं - **हम**

14 दो पर्यायवाची शब्द लिखो :-

जलाशय - **तालाब , पोखर**

15 वाक्य बनाओ :-

भयानक - जंगल का रास्ता बहुत **भयानक** था |